पी० एन० जी० राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर, नैनीताल (उत्तराखण्ड)

# अभ्युदय

► ई-बुलेटिन ► अप्रैल-जून व अगस्त-सितंबर 2024 (संयुक्तांक) ► अवधि - त्रैमासिक

## प्राचार्य की कलम से...



प्रो. (डॉ.) एम. सी. पाण्डे

शिक्षा और संस्कार दोनों सहगामी हैं। सुशिक्षित व्यक्ति अच्छे ग्रंथों को पढकर संस्कारवान हो सकता है। इसी प्रकार एक सुसंस्कारित व्यक्ति अच्छी शिक्षा को आत्मसात कर सकता है। हमारा आचरण सदैव हमारी शिक्षा और हमारे संस्कारों का प्रतिबिम्ब होता है। इस प्रकार शिक्षा और संस्कार एक दूसरे के पूर कभी हैं। संस्कार जन्म के साथ ही परिवार और उसके बाद समाज से मिलने लगते हैं जबकि शिक्षा हमें हमारे अनुभवों से मिलती है। औपचारिक शिक्षा के लिए शिक्षण संस्थानों की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के बाद उच्चशिक्षा का स्तर प्राप्त करने तक विद्यार्थी को अनेक पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक चुनौतियों का सामना करना है। इस नवयुवा के समक्ष जीवन के हर पहलू को समझना एक कौतुहल सदृश है। शिक्षा और संस्कार की पहचान इसी बिन्दु पर होती है जहॉ एक युवा अच्छाइयों को अपना कर तथा बुराइयों से बचते हुए स्वयं को सफलता की राह पर अग्रसर करता है। उच्चशिक्षा के स्तर तक आते हुए वह इतना परिपक्व हो चुका होता है कि उसके मूल स्वभाव में परिवर्तन करना कठिन है किन्तु इतनी संभावना अवश्य रहती है उसे परिमार्जित और परिश्कृत करते हुए अनुकूलतम उच्चस्तर तक पहुँचाया जा सके। इस प्रकार, व्यक्ति के जीवन की सफलता में परिवार, समाज और शिक्षण संस्थाओं को समवेत प्रयास होता है और एक व्यक्ति अपनी सफलता से इन सभी को गौरवान्वित करता है। विद्यार्थियों को उच्चतम सफलताओं की कामना एवं शिक्षकों के समर्पण के प्रति आभार सहित।

प्राचार्य



सर्वोदय 2024 कार्यक्रम का उद्‌घाटन करते हुए माननीय मुख्यमंत्री महोदय



माननीय मुख्यमंत्री महोदय का स्वागत करते हुए महाविद्यालय के पुरातन छात्र



समाजशास्त्र विभाग द्वारा प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन



इतिहास विभाग द्वारा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



''वैदिक विज्ञान के विविध आयाम'' संस्कृत विभाग द्वारा गुरु दिवस व्याख्यान का आयोजन



स्वच्छता अभियान चलाते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी एवं कार्यक्रम अधिकारी



आपदा प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम



हिमालय दिवस पर हिमालय की दशा और दिशा पर हुई गोष्ठी



करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला में विभिन्न योजनाओं का दिया गया प्रशिक्षण




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर निशुल्क योग शिविर हुआ प्रारंभ



रसायन विज्ञान विभाग द्वारा व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन




पोस्टर प्रतियोगिता द्वारा पर्यावरण संरक्षण का सन्देश देते एनसीसी कैडेट्स




विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण एवं स्वच्छताअभियान




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हुए विविध कार्यक्रम



हरेला पर्व पर पौधारोपण करते हुए
उपजिलाधिकारी श्री राहुल शाह



हरेला पर्व पर वृक्षारोपण कार्यक्रम



गुरु दिवस व्याख्यान माला स्मारिका का विमोचन



ई बुलेटिन अभ्युदय का विमोचन



कारगिल विजय दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता
का आयोजन



कारगिल दिवस पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए
प्राचार्य एवं भारतीय सेना से सेवानिवृत्त जवान



प्रयोगशाला सहायक श्रीमती पूजा कार्की के
स्थानांतरण पर विदाई



महाविद्यालय में मनाई गई मुंशी प्रेमचंद जयंती




79 यूके बटालियन एनसीसी इकाई
द्वारा रैंक सेरेमनी का आयोजन



24 यूके बटालियन द्वारा हुई एनसीसी की भर्ती प्रक्रिया



24 यूके बटालियन द्वारा एनसीसी कैडेट्स को
कमान अधिकारी प्रमाण पत्र देते हुए



कैडेट को प्रमाण पत्र देते हुए कमान
अधिकारी कर्नल राजेश कौशिक




करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ द्वारा 'हाउ टू स्टडी एब्रॉड'
विषय पर सेमिनार का हुआ आयोजन



कुमाऊं विश्वविद्यालय अन्तर्महाविद्यालय
क्रास कंट्रीप्रतियोगिता



योग क्रिया करते हुए योग विभाग के विद्यार्थी



दिनांक 27 से 31 अगस्त 2024 तक युवा संसद
(तरूण सभा) प्रतियोगिता का आयोजन



हर्षोल्लास से मनाया गया 78वां स्वतंत्रता दिवस




वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा गुरुदिवस व्याख्यान माला का आयोजन



पौधारोपण करते हुए प्राचार्य प्रो.एम.सी.पाण्डे



रामनगर विधायक माननीय दीवान सिंह बिष्ट जी ने किया ओपन एयर थिएटर का उद्घाटन



स्थानांतरण पर डॉ. भावना पंत को दी गई विदाई



नशा मुक्ति की शपथ लेते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी



79 यूके बटालियन एनसीसी सब यूनिट ने चलाया पर्यावरण संरक्षण हेतु एक पेड़ मां के नाम अभियान



विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन




हिंदी विभाग द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



कुमाऊं छात्र महासंघ के सर्वोदय 2024 कार्यक्रम का मुख्यमंत्री महोदय ने किया शुभारंभ




मिनी गोल्फ कोर्ट का उद्घाटन करते हुए कुमाऊं विश्वविद्यालय क्रीड़ाधिकारी डॉ. नागेन्द्र प्रसाद शर्मा




हिंदी विभाग द्वारा गुरु दिवस व्याख्यान माला का आयोजन




Diet in Obesity पर गृह विभान विभाग द्वारा गुरु दिवस व्याख्यान का आयोजन



कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग पाठ्यक्रमों हेतु आई आई टी बॉम्बे से हुआ महाविद्यालय का एमओयू



गणित विभाग की शोध छात्रा बनी असिस्टेंट प्रोफेसर



कैडेट को पुरस्कृत करते हुए कमान अधिकारी कर्नल एम.के.काण्डपाल




हिमालय दिवस पर 'हिमालय की दशा एवं दिशा' पर विचार गोष्ठी

## प्रोजेक्ट प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन



**आज समाचार सेवा**

**रामनगर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के समाजशास्त्र विभाग के समाजशास्त्र परिषद् द्वारा प्रोजेक्ट प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बुधवार को इसका शुभारम्भ प्राचार्य प्रोफेसर एम.सी.पाण्डे ने किया। इन्होंने शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के प्रयास को सराहा और प्रदर्शनी की उपयोगिता पर छात्र छात्राओं को सम्बोधित किया। प्रदर्शनी की संयोजिका डॉ. अलका ने सभी अध्यापकों का अभिनंदन कर प्रदर्शनी की विशेषता के बारे में बताया। बता दें कि समाजशास्त्र विभाग के एम.ए. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के लगभग 40 विद्यार्थियों ने प्रोजेक्ट प्रतियोगिता के तहत महाविद्यालय के सभागार में प्रदर्शनी लगाई। जिसमें समाजशास्त्रीय विविध विद्वानों जैसे कार्ल मार्क्स एवं अनेक विषयों को इसके माध्यम से प्रकट किया गया। इस प्रदर्शनी में निर्णायक की भूमिका में राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आर.एस. कनौजिया, गृहविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. निवेदिता अवस्थी एवं प्रोफेसर अनुमिता अग्रवाल रहे। इसमें अनेक प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए अलग अलग प्रोजेक्ट कार्यों पर प्रश्न किए। जिनका उत्तर विद्यार्थियों ने दिया। प्राध्यापकों और विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को उन्होंने शान्त किया। इसमें विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन कुमार, डॉ. योगेश चन्द्र एवं डॉ. विजयानन्द ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के चीफप्रॉक्टर प्रोफेसर एस.एस. मौर्या, डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. भावना पन्त, डॉ. जया भट्ट, डॉ. शंकर मण्डल, डॉ. मूलचन्द्र शुक्ल, डॉ. पवन टम्टा, डॉ. ललित मोहन, डॉ. पीसी पालीवाल आदि मौजूद रहे।



## ईकोटूरिज्म के विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण

**आज समाचार सेवा**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के ईकोटूरिज्म के विद्यार्थियों ने शैक्षिक भ्रमण किया। मंगलवार को शैक्षिक भ्रमण के लिए विद्यार्थियों ने जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के ढिकाला जोन का अध्ययन किया जिसमें जैव विविधता, वन्य जीव जंतु, पारिस्थितिक पर्यटन आदि विभिन्न प्रकार की जानकारी एकत्रित की गई। ईकोटूरिज्म की संयोजक डॉ.कृष्णा भारती ने विद्यार्थियों से पर्यटन व्यवसाय में रोजगार के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि रामनगर पर्यटन से जुड़ा विश्वविख्यात पर्यटन स्थल है जहां पर पर्यटकों की आवाजाही वर्ष भर बनी रहती है। 15 नवंबर से 15 जून तक कॉर्बेट पार्क भ्रमण के लिए अनेक भारतीय व विदेशी पर्यटक यहां पर आते हैं जिससे यहां की स्थानीय जनता को रोजगार भी मिलता है। विद्यार्थियों ने भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यटन की सम्भावनाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने भ्रमण क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के पक्षी, जीव जंतुओं एवं उनके वास्य क्षेत्र का अवलोकन किया। इस दौरान प्रताप चमोला, दीपक जोशी, मुकेश, हरीश रौतेला, नीरज बिष्ट, ललित कडाकोटी, मनीष, गौरव मनराल आदि मौजूद रहे।

# संगीत का मुख्य उद्देश्य आनंद प्राप्ति : डा. नम्रता

**आज समाचार सेवा**

**रामनगर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के संगीत विभाग एवं कैरियर काउंसलिंग सैल के संयुक्त तत्वावधान में गुरुदिवस व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जगत तारण महिला डिग्री कॉलेज प्रयागराज की डॉ नम्रता देब रहीं। इनके द्वारा रस भाव संप्रेषण द्वारा संगीत का सौंदर्यात्मक संवर्धन विषय पर अपनी बात रखी। डॉ. नम्रता देब ने बताया कि संगीत का मुख्य उद्देश्य आनंद प्राप्ति है और संगीत द्वारा आनंद की प्राप्ति रस की निष्पत्ति के कारण होता है। संगीत रस निष्पत्ति कराने का सबसे प्रभावशाली माध्यम है। उन्होंने कहा कि काव्यशास्त्रीय प्राचीन आचार्यों ने रस सिद्धांत पर गहन चिंतन किया और भिन्न-भिन्न विधाओं के साथ रस के संबंध का विवेचन किया है। कहा कि रसों के प्रमुख आधार भाव ही हैं, भावों को व्यक्ति के हृदय तक पहुँचाने के लिये विभाव, अनुभव और संचारी भावों के सहयोग से रस की निष्पत्ति होती है। उन्होंने राग ध्यान परंपरा पर प्रकाश डालते हुए राग तोड़ी और राग भैरव की सुंदर बन्दिशों का गायन कर रस-भाव को स्पष्ट किया। कार्यक्रम के निदेशक एवं प्राचार्य प्रोफेसर एम. सी. पाण्डे ने मुख्य वक्ता का स्वागत कर साहित्य, संगीत एवं कला द्वारा आनन्द की प्राप्ति होती है पर अपना अध्यक्षीय उद्बोधन प्रदान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आयोजक सचिव, संगीत विभाग प्रभारी डॉ. शिप्रा पन्त द्वारा डॉ नम्रता देब के परिचय के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इन्होंने कार्यक्रम के अन्त में अतिथियों सहित सभी का आभार व्यक्त किया।



रामनगर में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते प्राचार्य। अमृत विचार 15/05/24

## व्यावसायिक पाठ्यक्रम युवाओं से जोड़ने चाहिए

**रामनगर :** महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्ययन के साथ साथ विद्यार्थी रोजगारपरक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेकर कौशल विकास करें। प्राचार्य प्रोफेसर एम .सी .पाण्डे ने महाविद्यालय के व्यावसायिक अध्ययन केन्द्र की बैठक में विभाग प्रभारियों को संबोधित करते हुए व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को युवाओं से जोड़ने की आवश्यकता को रेखांकित किया। बैठक में 31 मई तक विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया। बैठक में डिप्लोमा इन ऑफिस मैनेजमेंट के डॉ . दीपक खाती, डिप्लोमा इन ईको-टूरिज्म से डॉ . कृष्णा भारती, डिप्लोमा इन टूरिज्म स्टडीज से डॉ . जे.पी .त्यागी, डिप्लोमा इन कम्प्यूटराईज्ड अकाउंटिंग की प्रभारी डॉ . ममता भदोला जोशी मौजूद रहे।

**4** हल्द्वानी, शुक्रवार, 14 जून 2024

### सार-संक्षेप



रामनगर महाविद्यालय में प्राचार्य के साथ एनसीसी कैडेट्स। • अमृत विचार

## पीएनजी महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने जीते मेडल

**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर की 24 यूके गर्ल्स बटालियन एनसीसी इकाई का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर जवाहर नवोदय विद्यालय सुयालबाड़ी में सम्पन्न हुआ। कमान अधिकारी कर्नल एमके कांडपाल ने शिविर में महाविद्यालय की कैडेटों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। बता दें कि एनसीसी छात्रा इकाई ने सीएटीसी कैंप में शानदार प्रदर्शन कर कई पदक भी जीते। एकल गीत में अंजली गोस्वामी को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। वालीबॉल में साक्षी बुडाकोटी, लता मनराल, तनुजा जोशी, अनामिका, अंजली रावत, आकांक्षा बिष्ट ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। महाविद्यालय लौटने पर प्राचार्य प्रो .एमसी पाण्डे ने सभी कैडेटों को बधाई दी। एएनओ लेफ्टिनेंट कृष्णा भारती व लेफ्टिनेंट डी .एन . जोशी ने सभी कैडेटों को भारतीय सेना में भर्ती होकर राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को भव्य बनाने की तैयारी शुरू

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**रामनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) को भव्य बनाने के लिए ''आओ हम सब योग करें'' अभियान के तहत महाविद्यालय का योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा विभाग तैयारी कर रहा है।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे के दिशा निर्देशानुसार महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं की ओर से रंगारंग कार्यक्रम, योगासन प्रस्तुति आदि का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य ने लोगों से योग दिवस में प्रतिभाग करने की अपील की है। योग प्रशिक्षक डॉ. मुरलीधर कापड़ी एवं योग विभाग के छात्र-छात्राएं रामनगर के विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क योग शिविरों का आयोजन कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह को भव्य बनाने के लिए प्राचार्य ने कार्यक्रम संयोजक योग प्रभारी डॉ. सुमन कुमार, कार्यक्रम समारोहक डॉ. डीएन जोशी, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मूलचंद्र शुक्ल और डॉ. भावना पंत को जिम्मेदारी सौंपी है।

### योग प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 18 विद्यार्थियों ने किया प्रतिभाग

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में आयोजित साप्ताहिक योग कार्यक्रम में सोमवार को योग प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। इसमें 18 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दिन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार दिया जाएगा। इस मौके पर डॉ. दीपक कुमार, डॉ. अनिल कठोरी, नीता दियोलिया आदि मौजूद रहीं। संवाद

# छात्रसंघ अभिनंदन समारोह हर्षोल्लास से मनाया




**आज समाचार सेवा**

**रामनगर।** राजकीय महाविद्यालय रामनगर में गुरुवार को छात्रसंघ अभिनंदन समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें गाने, डांसिंग मॉडलिंग कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुति दी गयी। छात्र संघ अभिनन्दन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और प्रकाश जोशी पूर्व लोकसभा प्रत्याशी नैनीताल में कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य मोहन चंद्र पांडेय ने की। कार्यक्रम में उत्तराखंड की लोकप्रिय गायक माया उपाध्याय ने प्रस्तुति दी। छात्रसंघ के अध्यक्ष ललित करकोटी के द्वारा 1 लाख रुपए की पुस्तकें क्षेत्र के गणमान्य लोगों के सहयोग से प्रदान की। इस दौरान कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इंदर रावत, हेम भट्ट, भाजपा नेता गणेश रावत, गिरीश घुगतियाल, छात्र संघ अध्यक्ष ललित कड़ाकोटी, सचिव चेतन पंत, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अमित कुमार, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव सचिन कुमार आर्य, नीलम मनराल विकाश कुमार आदि मौजूद रहे।

## शोध छात्र शोएब बने असिस्टेंट प्रोफेसर




रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में वाणिज्य संकाय के शोध छात्र शोएब अंजीम अंसारी लोक सेवा आयोग द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर पद पद पर चयनित हुए हैं। शोएब वाणिज्य संकाय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ममता भदोला जोशी के निर्देशन में शोधरत है। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पाण्डे ने शोएब की इस उपलब्धि पर शोधार्थी शोएब एवं शोध निर्देशिका डॉ. ममता भदोला जोशी को बधाई दी हैं। चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर एस एस मौर्य, वाणिज्य विभाग प्रभारी डॉ. दीपक खाती, प्राध्यापक डॉ. भानु दुर्गापाल, डॉ. हेम चन्द्र भट्ट सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों ने शोएब की सफलता पर हर्ष व्यक्त कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

10:08 AM

## महाविद्यालय के शोधार्थी विवेक नेपाल में करेंगे शोध पत्र प्रस्तुत

**आज समाचार सेवा**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के मनोविज्ञान शोधार्थी, विवेक आर्या को इंटरनेशनल सांइटिफिक रीसर्च एसोसिएशन, टेक्सस इंटरनेशनल कॉलेज, काठमांडू, नेपाल और रीसर्च कल्चर सोसाइटी द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन एडवांस रीसर्च एंड स्टडीज, काठमांडू, नेपाल में शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह कांफ्रेंस 21-22 जून में टेक्सस इंटरनेशनल कॉलेज काठमांडू नेपाल में आयोजित होने जा रही है। विवेक आर्या 21 जून को ष्स्नातक स्तर की छात्राओं में आत्म सम्प्रत्यय और समायोजन का सह सम्बन्धात्मक अध्ययनष् नामक शीर्षक का शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। विवेक आर्या, वर्ष 2019 में प्रवेशित पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर के मनोविज्ञान विभाग के शोधार्थी है।



इनका शोध कार्य प्रो. अनीता जोशी, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चम्पावत के निर्देशन में चल रहा है। बता दें कि विवेक आर्या ने 2020 में यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है।वर्तमान समय में वे दिल्ली विश्वविद्यालय के सम्बद्ध महाविद्यालय शहीद राजगुरु कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंसेस फॉर वुमेन, दिल्ली में असिस्टेंट प्रोफेसर अतिथि के रुप में कार्यरत् हैं। इससे पूर्व वह सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा में अतिथि व्याख्याता के रुप में भी कार्य कर चुके हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. कुसुम गुप्ता, डॉ. देव आशीष एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने विवेक आर्या को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## विद्यार्थियों को मिलेगा विश्वस्तरीय कंप्यूटर कोर्स करने का मौका

**संवाद न्यूज एजेंसी**

रामनगर (नैनीताल)। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर व आईआईटी बॉम्बे में आपसी सहयोग के लिए एमओयू साइन हुआ है। इस समझौते से रामनगर महाविद्यालय के विभिन्न पंजीकृत विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।

प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने बताया कि आईआईटी से हुए करार से महाविद्यालय के विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय कंप्यूटर प्रोग्रामिंग के प्रशिक्षण एवं सर्टिफिकेट कोर्स को करने का मौका मिलेगा। विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट कोर्स जैसे एनीमेशन (माया एवं 3डी मैक्स), वेबसाइट डिजाइनिंग, एचटीएमएल, जावा, सी प्लस प्लस, एंड्रॉयड ऐप

**रामनगर महाविद्यालय और आईआईटी बॉम्बे के बीच साइन हुआ एमओयू**

डेवलपमेंट, गणित के लिए मेटलैब, कैमिस्ट्री एवं बायोकेमिस्ट्री के लिए वर्चुअल लैब डिजाइनिंग, भूगोल के लिए जीआईएस, भौतिकी के छात्र, माइक्रो कंट्रोलर उपकरण, डिजाइनिंग में सर्टिफिकेट के साथ आधारभूत कंप्यूटर कोर्स करने का भी मौका मिलेगा।

प्राचार्य ने बताया इसका नोडल अधिकारी महाविद्यालय में जंतु विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शंकर मंडल को बनाया है। इस समझौते पर महाविद्यालय प्राचार्य एवं स्पोकन ट्यूटोरियल आईआईटी बॉम्बे के राष्ट्रीय संयोजक आकांक्षा सैनी ने हस्ताक्षर किए हैं।



रामनगर में तिरंगा यात्रा निकालते एनसीसी कैडेट्स। ● अमृत विचार



डीएसबी परिसर में तिरंगा रैली में मौजूद कुलपति प्रो. डीएस रावत व अन्य।

# एनसीसी कैडेट्स ने निकाली तिरंगा यात्रा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित 79 यूके बटालियन एनसीसी नैनीताल एवं 24 यूके गर्ल्स बटालियन अल्मोड़ा की इकाईयों ने संयुक्त रूप से तिरंगा यात्रा निकाली। एएनओ लेफ्टिनेंट डीएन जोशी व लेफ्टिनेंट कृष्णा भारती के नेतृत्व में यात्रा महाविद्यालय से लखनपुर चुंगी, रानीखेत रोड व नगर भ्रमण कर वापस महाविद्यालय पहुंची।

इस दौरान कैडेट्स ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत आम जन को जागरूकता संदेश दिया। रैली में कैडेट्स ने देशभक्ति के नारे लगाकर आजादी के अमृत महोत्सव का प्रचार-प्रसार किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए राष्ट्र सेवा की प्रेरणा दी। इस अवसर पर सीनियर अंडर ऑफिसर सक्षम चौहान, ज्योति सती, श्रेया रावत, सुमित, खुशी, ज्योति राणा मौजूद रहे।

**डीएसबी परिसर में निकाली तिरंगा यात्रा**

नैनीताल: कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में कॉलेज के छात्र-छात्राओं और 79 बटालियन एनसीसी ने तिरंगा यात्रा निकाली। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद कर उनकी स्मृति में पौधरोपण भी किया। कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। कुलपति ने कहा कि देश को आजाद कराने वाले सभी वीरों को सलाम है। इस दौरान निदेशक विजिटिंग प्रो. ललित तिवारी, डीएसडब्ल्यू प्रो. संजय पंत, प्रो. नीता बोरा, प्रो. हरीश बिष्ट, प्रो. आरसी जोशी, प्रो. पदम सिंह बिष्ट, प्रो. राजीव उपाध्याय, प्रो. गीता तिवारी, प्रो. सुषमा टम्टा, प्रो. गीता तिवारी, डॉ. हिमांशु लोहनी मौजूद रहे।

अमर उजाला दि.05/07/2024

# शिविर में मुस्कान और तनिषा ने जीते मेडल



पर्वतारोहण शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करते एनसीसी कैडेट्स। संवाद

रामनगर (नैनीताल)। पर्वतारोहण शिविर में रामनगर महाविद्यालय की 79 यूके बटालियन एनसीसी इकाई की कैडेट मुस्कान और तनिषा ने मेडल जीते हैं। एनसीसी निदेशालय उत्तराखंड की ओर से रॉक क्लाईबिंग एवं ट्रेनिंग कैंप पिथौरागढ़ में आयोजित किया।

शिविर में आयोजित प्रतियोगिताओं में रैपलिंग में रामनगर महाविद्यालय की कैडेट मुस्कान बिष्ट ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर मेडल जीता जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ग्रुप डांस में कैडेट तनिषा ने मेडल अर्जित किया। शिविर से कैडेटों की वापसी पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे, कमान अधिकारी कर्नल राजेश कौशिक, लेफ्टिनेंट कर्नल बीएस खनका, एएनओ लेफ्टिनेंट डीएन जोशी व लेफ्टिनेंट कृष्णा भारती ने कैडेटों को बधाई दी। इस अवसर पर चीफ प्रॉक्टर प्रो. एसएस मौर्य, सूबेदार मेजर पाकेश चौहान, सूबेदार महेश पांडे आदि रहे। संवाद

# व्यावसायिक-पाठ्यक्रममाध्यमेन सम्भविष्यति कौशलविकासः - "एम.सी.पाण्डे"

वार्ताहर कुलदीपमैन्दोला रामनगरम्




पीएनजी-राजकीय-स्नातकोत्तर-महाविद्यालये रामनगरे विद्यार्थिनः स्नातक-स्नातकोत्तर-कक्षासु अध्ययनेन सह उद्योगपरक-पाठ्यक्रमेषु प्रवेशं प्राप्य कौशल-विकासं कुर्वन्तु इत्युद्दिश्यैव सङ्गोष्ठी सञ्जाता। प्राचार्यः प्रोफेसर एम.सी. पाण्डे महोदयः महाविद्यालयस्य व्यावसायिक- अध्ययन-केन्द्रस्य सङ्गोष्ठ्यां विभाग-संयोजकान् सम्बोधयन् उक्तं यत् व्यावसायिक-पाठ्यक्रमाः गुरुजनैः सह अवश्यमेव संयुक्ताः भवेयुः। सङ्गोष्ठ्यां मेमासस्य 31 दिनाङ्कं यावत् विभिन्न- व्यावसायिक-पाठ्यक्रमेषु अन्तर्जालमाध्यमेन प्रवेशाय लक्ष्यं निर्धारितं। "व्यावसायिक अध्ययन केन्द्रम्" इत्यस्य समन्वयकः डॉ. सुमनकुमारः अस्मिन् सन्दर्भे छात्र-छात्राभ्यः सूचनां प्रसारयन् वदति यत् पर्यटन-अध्ययनं, यात्रा एवं पर्यटनप्रबन्धनं, इको-पर्यटनं, कार्यालयप्रबन्धनम् एवं सचिवीय-अभ्यास, संगणकीयलेखा, योगः एवं वैकल्पिकचिकित्सा, स्नातकोत्तर योगस्य इत्यादिषु महत्वपूर्णेषु उपाधि-प्रमाणपत्र-आदिषु पाठ्यक्रमेषु प्रवेशप्राप्त्यर्थं "समर्थ-पोर्टल" इत्यत्र सर्वप्रथमं पञ्जीकरणमावश्यकमस्ति तदनन्तरं च प्रवेशार्थमुपस्थितिः आवश्यकी। महाविद्यालयस्य विद्यार्थिनः द्विधा उपाधिं प्राप्तुं शक्नुवन्ति। डॉ. निवेदिता वदति यत् पर्यटनक्षेत्रे सञ्चालिताः त्रिविधाः कार्यक्रमाः पर्यटकमार्गदर्शकः, "रिसोर्ट हॉस्पिटैलिटी" इत्यादिषु क्षेत्रेषु उद्योगावसराः समुपलब्धाः भवितुमर्हन्ति। स्नातकोत्तरयोगस्यसंयोजकः डॉ. मूलचन्द्रेण उच्यते यत् गतवर्षे योगविभागीयाः विद्यार्थिनः उत्तराखण्डराज्यात् बहिरपि पञ्जाबप्रान्ते सर्वकारीय-उद्योगं प्राप्तवन्तः। अस्यां व्यावसायिकसङ्गोष्ठ्यामपोतिरिक्ता-संयोजकाः , तत्र डॉ. सुमनकुमारः, डॉ. निवेदिता अवस्थी, डॉ. मूलचन्द्रशुक्लः, "डिप्लोमा इन ऑफिस मेनेजमेंट" इत्यस्य डॉ. दीपकखाती, "डिप्लोमा इन ईको-टूरिज्म" इत्यतः डॉ. कृष्णा भारती, "डिप्लोमा इन टूरिज्म स्टडीज" इत्यस्य डॉ. जे.पी.त्यागी, "डिप्लोमा इन कम्प्यूटराइज्ड अकाउण्टिंग" अस्य डॉ. ममता भदोला जोशी च उपस्थिताः आसन्।

# रामनगर कॉलेज में एनीसीसी कैडेट्स की रैंक सेरेमनी



रामनगर महाविद्यालय में रैंक सेरेमनी में बैच लगाते हुए। संवाद

रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में 79 यूके बटालियन एनसीसी इकाई की ओर से रैंक सेरेमनी का आयोजन किया गया।

एसोसिएट एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डीएन जोशी ने एनसीसी की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि एनसीसी नैनीताल के कमान अधिकारी कर्नल राजेश कौशिक ने सभी कैडेट्स के टर्न आउट, ड्रिल एवं अनुशासन की प्रशंसा की। सीनियर अंडर ऑफिसर की रैंक छात्र दल में सक्षम चौहान और छात्रा दल में श्रेया रावत को दी गई।

अंडर ऑफिसर की रैंक सुमित, ज्योति वर्मा व खुशी कोरंगा को पहनाई गई। सूरज पांडेय और महक को सार्जेंट की रैंक की जिम्मेदारी दी गई।

विक्रम जलाल, पारूल को कॉर्पोरल की रैंक और करन कोहली व मुस्कान बिष्ट को लांस कॉर्पोरल की रैंक प्रदान की गई। वहां कार्यक्रम अध्यक्ष प्रभारी प्राचार्य प्रो. एसएस मौर्य, प्रभारी प्राचार्य प्रो. एसएस मौर्य, कमान अधिकारी कर्नल राजेश कौशिक, एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल बीएस खनका आदि रहे। संवाद

# समाज एवं राष्ट्र निर्माण में साहित्य की भूमिका महत्वपूर्णः प्रो. प्रभा पन्त

( संवाददाता प्राईम काशीपुर )

रामनगर। व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र निर्माण में साहित्य की भूमिका महत्वपूर्ण है यह बात बतौर मुख्य वक्ता प्रोफेसर प्रभा पन्त ने कही। बता दें कि पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में कैरियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ एवं हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गुरु दिवस व्याख्यान माला की तृतीय श्रृंखला के 18वें व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता एम.बी.राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी की हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर प्रभा पन्त ने 'व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र निर्माण में साहित्य की भूमिका' को महत्वपूर्ण कहा। उन्होंने इस विषय पर बेहद ही ज्ञानपरक एवं रोमांचकारी रूप में अपने अनुभवों को विविध उद्धरणों के माध्यम से विद्यार्थियों से इस प्रकार साझा किया कि साहित्य समाज का दर्पण है। साहित्य के माध्यम से व्यक्ति, अपने समाज एवं राष्ट्र को बेहतर तरीके से समझ सकता है। राष्ट्र के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। उनके इस व्याख्यान से सभी छात्र-छात्राएं एवं प्राध्यापक वर्ग लाभान्वित हुए। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एम.सी. पाण्डे ने किया। आयोजक सचिव एवं हिन्दी विभाग प्रभारी डॉ.ललित मोहन द्वारा मुख्य वक्ता सहित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में हिंदी विभाग के प्राध्यापक एवं आयोजन सहसचिव डॉ. सुरेश चन्द्रा द्वारा मुख्य वक्ता का महाविद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया गया। व्याख्यान में विभिन्न प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं छात्र छात्राओं ने ऑनलाइन प्रतिभाग किया। इस दौरान हिन्दी विभाग प्रभारी डॉ.ललित मोहन, सह आयोजक सचिव डॉ.सुरेश चंद्रा, सदस्य डॉ.दुर्गा तिवारी, डॉ.रीता तिवारी, करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ.अनुराग श्रीवास्तव, सहसंयोजक डॉ. दीपक खाती, सह संयोजक डॉ.प्रकाश सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।




भाषण प्रतियोगिता में पुरस्कार के साथ विजेता प्रतिभागी। ● अमृत विचार

## भाषण प्रतियोगिता में जितेंद्र ने मारी बाजी

**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में जितेंद्र रावत ने प्रथम, रोहित खत्री ने द्वितीय तथा कैलाश चंद्र ने तृतीय स्थान पुरस्कार प्राप्त किया। हिन्दी विभाग में हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं में हिन्दी का योगदान विषय पर "भाषण प्रतियोगिता" के दौरान कई प्रतिभागियों ने विचार रखे। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते प्रभारी प्राचार्य प्रोफे. एसएस मौर्य ने कहा कि अब कई सरकारी और अर्ध सरकारी कार्यालयों में हिंदी का प्रयोग होने लगा है जो हिंदी के लिए शुभ संकेत है। डॉ. नीमा राणा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। निर्णायक मंडल में डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, डॉ. ममता भदोला तथा डॉ. नवभा जोशी रहे। यहां हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. पुनीता कुशवाहा, डॉ. ललित मोहन, डॉ. एस चन्द्रा, डॉ. अल्का राजोरिया आदि रहे।

खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया   उपस्थित मौजूद रहे।

## युवा संसद प्रतियोगिता में उत्तराखंड राज्य के क्षेत्रीय मुद्दों पर हुई चर्चा



( संवाद्दाता प्राईम काशीपुर )

रामनगर।राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में ष्उत्तराखंड राज्य के क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा विस्तार से की गयी। जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.मोहन चंद्र पाण्डे द्वारा किया गया।युवा संसद ( तरूण सभा ) के अध्यक्ष पद पर बी.एससी. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सिमरन खेरिया मनोनीत हुई।जिनकी अध्यक्षता में संसदीय कार्य प्रणाली को आगे बढ़ाया गया। पक्ष विपक्ष द्वारा उत्तराखंड के ज्वलंत मुद्दों पलायन,स्वास्थ्य, पर्यावरण, पर्यटन, ग्रामीण विकास, शिक्षा नीति, ऊर्जा, परिवहन, गंगा यमुना नदियों के संरक्षण के संबंध में प्रश्नों पर चर्चा के माध्यम से उत्तराखंड में इसका कैसे सुचारू रूप से लागू करने के साथ सभी नीतियों को निर्धारित समय में पूर्ण किये जाने पर चर्चा हुई। विश्व पटल पर उत्तराखंड की सुंदरता के साथ साथ इसकी पहचान को बचाए रखने के लिए समाज के प्रत्येक नागरिक को जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। पक्ष विपक्ष के सभासदों ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।निर्णायक मंडल में प्रो.पुनीता कुशवाहा,डॉ. शरद भट्ट,डॉ.पवन टम्टा,डॉ.ऋचा पुनेठा व डॉ.कृष्णा भारती रहे।इस अवसर पर महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रो.एस.एस.मौर्य, कार्यक्रम संयोजक डॉ.जे.पी.त्यागी, डॉ.प्रमोद जोशी, डॉ.दीपक खाती, डॉ.सुभाष पोखरियाल, डॉ.नीमा राणा, डॉ.अल्का, शोधार्थी सुखचैन सिंह, आकाश कुमार, अनुज कुमार छात्र छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.दीपा जोशी ने किया।

## रामनगर कालेज में ओपन एयर थियेटर का उद्घाटन



**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में ओपन एयर थियेटर का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने किया। प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पाण्डे ने बताया कि ओपन एयर थियेटर बनने से छात्र छात्राओं को सहूलियत होगी। छात्र छात्राओं ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह ओपन थियेटर रंगमंच की विभिन्न विधाओं को सीखने का एक प्लेटफॉर्म है।

छात्र छात्राएं इसके माध्यम से नाटक एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन एवं मंचन इस खुले रंगमंच पर बखूबी कर सकेंगे। ओपन एयर थियेटर के प्रभारी डॉ.योगेश चन्द्र हैं। उन्होंने बताया कि रूसा परियोजना प्रथम चरण की अवशेष धनराशि 11.50 लाख रुपये से निर्मित ओपन एयर थियेटर में 550 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। रामनगर महाविद्यालय का यह ओपन एयर थियेटर नैनीताल जिले के महाविद्यालयों में सबसे पहला है। बता दें कि रामनगर महाविद्यालय प्रशासन ने ओपन एयर थियेटर निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा था। शासन की स्वीकृति मिलने पर इसका निर्माण किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में चीफ प्रॉक्टर प्रो.एसएस मौर्या, डॉ.प्रमोद जोशी, रूसा प्रभारी डॉ.योगेश चन्द्र, मदन जोशी, डॉ.ममता जोशी, डॉ.लोतिका अमित, डॉ.डीएन जोशी, डॉ.दीपक खाती, डॉ.सुभाष चन्द्र आदि मौजूद रहे।



रामनगर डिग्री कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम में अतिथियों को सम्मानित करते शिक्षक। ● अमृत विचार

## पीएनजी डिग्री कालेज में उत्साह से मनाया एनएसएस का स्थापना दिवस

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस उल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने कहा कि आजादी के समय गांधी जी ने युवाओं को राष्ट्रीय सेवा से जोड़ने पर विशेष बल दिया था। आजादी के बाद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने डॉ. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में पहली बार स्वैच्छिक आधार पर शैक्षिक संस्थाओं में राष्ट्रीय सेवा आरंभ करने की सिफारिश की। प्रो. एसएस मौर्य ने छात्र जीवन में सेवा भाव को स्वयं के भीतर उत्पन्न कर राष्ट्र निर्माण करने पर बल दिया। प्रो. नरेश कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास और भविष्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला समन्वयक नैनीताल प्रो. जगमोहन सिंह नेगी ने एनएसएस के उद्देश्य बताए। कार्यक्रम अधिकारी छात्रा इकाई डॉ. ममता भदोला ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लाभ बताए। डॉ. एस चंद्रा ने लोगों का आभार जताया। कार्यक्रम में डॉ. जेपी त्यागी, डॉ. दीपक खाती, डॉ. विजय कुमार, गोविंद सिंह जंगपांगी, प्रकाश चंद्र तथा राकेश सिंह भंडारी मौजूद रहे।

10 सितम्बर 2024, मंगलवार "दैनिक दशानन"

## हिमालय दिवस पर पीएनजी महाविद्यालय में संगोष्ठी आयोजित

(दैनिक दशानन ब्यूरो)



रामनगर। हिमालय दिवस के अवसर पर रामनगर के पीएनजी राजकीय महाविद्यालय में हिमालय की दशा और दिशा पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने एक स्वर से हिमालय को जीवन का आधार बताते हुए कहा कि हिमालय के बिना मनुष्य के जीवन की कल्पना बेमानी है। गोष्ठी का आयोजन हेस्को और रामनगर महाविद्यालय द्वारा किया गया। इस दौरान विपिन ध्यानी के कविता संग्रह सवाल कुदरत के का विमोचन भी हुआ। प्रोव डीएन जोशी व मितेश्वर आनंद के संचालन में संपन्न गोष्ठी में मुख्य वक्ता श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के प्रोव अधीर कुमार, मुख्य अतिथि एसडीएम राहुल शाह और कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम सी पांडेय ने की। गोष्ठी में हिमालय और प्रकृति पर वैश्विक तापमान संग्रह 'सवाल कुदरत के' ग्लोबल वार्मिंग51 कविताओं का संग्रह है, जो इस विषय की जटिलताओं की व्याख्या करती है, इन संकटों के दुनिया भर में जीवंत उदाहरणों के साथ साथ उपलब्ध समाधानों की आसान भाषा में व्याख्या है। पुस्तक के लेखक विपिन कुमार ध्यानी हैं जो काव्यांश प्रकाशन, ऋषिकेश द्वारा प्रकाशित है। इस दौरान गोष्ठी को वीएन शर्मा, संजय छिमवाल, इमरान खान, सुमन्ता घोष, डॉव हरेंद्र बरगली,पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष गणेश रावत, अतुल मेहरोत्रा, मनमोहन अग्रवाल आदि ने संबोधित कियाइस दौरान कार्यक्रम में डॉवनितिन ढोमने, विनीत शर्मा, अनीता गौड़, तृप्ति शर्मा, संजय डोर्बी , कुबेर अधिकारी, दिनेश रावत, डॉ दीपक खाती, रमेश बिष्ट, आनंद सिंह कदाकोटि, हेस्को वीमेन



कुमाऊं विश्वविद्यालय अन्तर्महाविद्यालय क्रास कंट्री प्रतियोगिता का उद्घाटन



विद्यार्थियों को मिला ओपन एयर थिएटर

# हिमालय ही जीवन का आधार



**रामनगर।** हिमालय दिवस पर पीएनजी राजकीय महाविद्यालय रामनगर में हिमालय की दशा और दिशा पर संगोष्ठी हुई। वक्ताओं ने हिमालय को जीवन का आधार बताते हुए कहा कि हिमालय के बिना मनुष्य जीवन की कल्पना बेमानी है। संगोष्ठी का आयोजन हेस्को और रामनगर महाविद्यालय द्वारा किया गया। इस दौरान विपिन ध्यानी के कविता संग्रह सवाल कुदरत के का विमोचन भी हुआ। गोष्ठी में मुख्य वक्ता श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के प्रो. अधीर कुमार रहे। मुख्य अतिथि एसडीएम राहुल शाह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एमसी पांडेय ने की।

संचालन प्रो. डीएन जोशी व मितेश्वर आनंद ने किया। गोष्ठी में हिमालय और प्रकृति पर वैश्विक तापमान वृद्धि विषय पर कविता संग्रह का भी विमोचन किया गया। कविता संग्रह सवाल कुदरत के ग्लोबल वार्मिंग पर 51 कविताओं का संग्रह है, जो इस विषय की जटिलता की व्याख्या करती है। इस संकट का समाधान भी आसान भाषा में बताया गया है। संगोष्ठी में संतोष महरोत्रा, डॉ. धनेश्वरी घिल्डियाल, पूर्व पीएफ कमिश्नर वीएन शर्मा, संजय छिम्वाल, इमरान खान, सुमन्ता घोष, डॉ. हरेंद्र बरगली, गणेश रावत, अतुल मेहरोत्रा, मनमोहन अग्रवाल आदि ने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर डॉ. नितिन ढोमने, विनीत शर्मा, अनीता गौड़, तृप्ति शर्मा, संजय डोर्बी, कुबेर अधिकारी, दिनेश रावत, डॉ. दीपक खाती, रमेश बिष्ट, आनंद सिंह कड़ाकोटी मौजूद रहे।

**लोहाघाट।** हिमालय दिवस के उपलक्ष्य में जीआईसी बापरू में 219 छात्र छात्राओं और विद्यालय स्टाफ ने हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ ली। कार्यक्रम प्रभारी प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने कहा कि पर्वतराज हिमालय हमारे देश का गौरव है। इसका संरक्षण एवं संवर्धन हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। प्रधानाचार्य संजीव पंत की अध्यक्षता तथा प्रकाश चन्द्र उपाध्याय के मार्गदर्शन में निबंध एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे प्रीति, कविता और सचिन को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में राजेन्द्र गड़कोटी, जगदीश अधिकारी, छत्रपाल पटेल, श्यामला पुनेठा, प्रमोद सिंह, पंचदेव पाण्डे, प्रकाश राम टम्टा, आर्येंद्र गंगवार, कृष्ण चंद्र खर्कवाल, प्रकाश चन्द्र जोशी आदि उपस्थित रहे।

# वन्यजीव संरक्षण जरूरी: रजवार

संवाददाता, रामनगर



रामनगर मे पर्यटन दिवस पर बोलते वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर दीप रजवार।

**अमृत विचार :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पर्यटन दिवस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर दीप रजवार ने कहा कि वन्य जीव संरक्षण के बिना पर्यटन अधूरा है।

रजवार ने कहा कि जंगलो में बढ़ता मानव दवाब की वजह से जल जंगल जमीन को नुकसान होता जा रहा है। इस दिशा में भी सरकार को गहन चिंतन की जरूरत है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने छात्र- छात्राओं को पर्यटन के विषय में गहनता के साथ जानकारी होना जरूरी है। उन्होंने पर्यटन में रोजगार अपार संभावनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि नियमों का पालन करते हुए प्रकृति का आनंद लिया जा सकता है। मुख्य वक्ता इतिहास विभाग के डॉ. नरेश कुमार ने पर्यटन एवं रोजगार को बढ़ाने पर बल दिया। व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के मुख्य संयोजक डॉ. सुमन कुमार ने महाविद्यालय में संचालित विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। भूगोल विभाग के डॉ. डीएन जोशी ने पर्यटन के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। समाजशास्त्र विभाग की डॉ. अल्का ने संस्कृति को साझा करने की बात कही। डॉ. जेपी त्यागी ने अतिथियों का आभार जताया।

कार्यक्रम में डॉ. पुनीता कुशवाहा, डॉ. नीमा राणा, डॉ. सिराज, डॉ. दीपक खाती रहे। संचालन डॉ. लोतिका अमित ने किया।


## संपादक मण्डल

| | | |
|---|---|---|
| सरंक्षक | - | प्रो. (डॉ.) एम.सी. पाण्डेय, प्राचार्य |
| सम्पादक | - | डॉ. डी. एन. जोशी (असि. प्रो. भूगोल) |
| सदस्य | - | डॉ. सुरेश चन्द्रा (असि. प्रो. हिन्दी) |
| सलाहकार | - | डॉ. योगेश चन्द्र (असि. प्रो. समाजशास्त्र) |
| | - | डॉ. शंकर मण्डल (असि. प्रो. जन्तु विज्ञान) |
| | - | डॉ. दीपक खाती (असि. प्रो. वाणिज्य) |

संरक्षक एवं प्रकाशक प्रोफेसर(डॉ.) एम.सी.पाण्डे, प्राचार्य, पी.एन.जी. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर (नैनीताल) द्वारा विधा प्रकाशन बाजपुर (उधम सिंह नगर) से मुद्रित करवाकर महाविद्यालय से प्रकाशित

विधा प्रकाशन vidhaprakashan@gmail.com रजिस्टर्ड ऑफिस : वार्ड 09, बाजपुर, उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड) +91-7500042420,97 60411975